तापमान

अधिकतम 43 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 पिता के निधन के बाद बड़े भाई ने छोड़ दी पढ़ाई छोटे भाई ने पास की सिविल सेवा की परीक्षा




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि 25/04/2025 (संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065 9340311314, 9303893829


## चरचा कॉलरी की खदान में दर्दनाक हादसा, घटना से श्रमिकों से फूटा गुस्सा

# मशीन की चपेट में आने से ठेका श्रमिक की मौत





हॉस्पिटल के सामने लगी भीड़। मृतक कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

बीती रात्रि चरचा वेस्ट खदान में हुए हादसे ने श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। खदान के पैनल नंबर 5 में कोयला उत्खनन के दौरान जेएमएस कंपनी के ठेका श्रमिक दिगेश्वर सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी बरबसपुर की मशीन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के समय मशीन बंद थी, लेकिन अचानक ऑपरेटर द्वारा मशीन चालू कर देने से केबल खींचा और दिगेश्वर उसमें फंस गया। दिगेश्वर की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई थी, जिसे तत्काल क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक ने महज तीन दिन पूर्व ही कार्य प्रारंभ किया था। हादसे के बाद खदान में कार्यरत श्रमिकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। उनका आरोप

- जीएम के हस्तक्षेप के बाद परिजन को मिला 15 लाख का मुआवजा

था कि दिगेश्वर को खदान में कार्य के लिए अनिवार्य बीटीसी प्रशिक्षण नहीं दिया गया था और फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर ड्यूटी पर लगा दिया गया था। श्रमिकों ने पंचनामा से इनकार करते हुए 15 लाख रूपए तत्काल मुआवजा की मांग की। स्थिति बिगड़ती देख अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और श्रमिकों के समर्थन में खड़े हुए। कड़ी मशक्कत के बाद पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण की गई। महाप्रबंधक बीएन झा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र की ओर से 15 लाख रूपए का चेक मृतक की पत्नी सविता सिंह को सौंपा। इसके अतिरिक्त ठेका कंपनी द्वारा अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार रूपए दिए गए। श्रमिकों ने ठेकेदार व मुंशी पर वेतन में कटौती, फर्जी दस्तावेज और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

### जेएमएस कंपनी में ठेका मजदूरों की समस्या

जेएमएस कंपनी में काम करने वाले ठेका मजदूरों ने आरोप लगाया है कि कंपनी के द्वारा पेटी कॉन्ट्रैक्टर के माध्यम से कार्य कराया जाता है और ठेकेदारों के द्वारा उनसे 20 हजार रूपए लिए जाते हैं। ठेकेदारों के द्वारा बीटीसी भी नहीं कराया जाता और जबरन ऐसे कार्य करवाए जाते हैं, जिसके बारे में मजदूरों को कोई जानकारी नहीं रहती। ठेका मजदूरों ने आरोप लगाया है कि ठेका कंपनी और ठेकेदार के द्वारा अंग्रेजों की तरह व्यवहार किया जाता है। मजदूरों को मजबूरी में कार्य करना पड़ता है, क्योंकि उन्हें जीवन-यापन करना होता है।

### थाना प्रभारी की रही सक्रियता

थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने खान दुर्घटना में मृत श्रमिक के प्रकरण में विशेष सक्रियता दिखाई। थाना प्रभारी सुबह 7 बजे से ही क्षेत्रीय चिकित्सालय में डटे रहे और श्रमिकों और ठेका कंपनियों के बीच विवाद की स्थिति को संभाला। उनकी सक्रियता से किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई और मुआवजा राशि मिलने के बाद श्रमिक वहां से चले गए।

# सार्वजनिक शौचालय में चला पालिका का सफाई अभियान






हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खबर का असर

नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के बाजारपारा स्थित पौनी पसारी शेड के बगल में सार्वजनिक शौचालय में नपा की लापरवाही से गंदगी का आलम को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से जनहित में खबर का प्रकाशन किया, इस पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए। जिसके बाद गंदगी से बदहाल सार्वजनिक शौचालय का त्वरित साफ-सफाई किया गया, इससे अब बाजार क्षेत्र में आने वाले व्यापारियों एवं आम लोगों को स्वच्छता के साथ सार्वजनिक शौचालय का उपयोग कर सकते हैं।

वहीं नपा प्रशासन को भी बाजापारा के पौनी पसारी के पास बने सार्वजनिक शौचालय का नियमित तौर पर साफ-सफाई कराए जाने की जरूरत हैं। इस जगह के सार्वजनिक शौचालय का उपयोग की उपयोगिता महत्वपूर्ण। प्रतिदिन बड़ी संख्या में बाजार आने वाले व्यापारियों के साथ आमजन के लिए यहां का शौचालय सुविधाजनक हैं, ऐसे में इस जगह के सार्वजनिक शौचालय के साफ -सफाई को लेकर नपा को सजग रहने की जरूरत है, ताकि शौचालय की सफाई व्यवस्था बरकरार रहे, इससे लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी।

### लोग भी समझे स्वच्छता का महत्व

स्वच्छता को लेकर आम लोगों को भी सजग रहने की जरूरत है। जन सहयोग मिलने पर ही नपा प्रशासन द्वारा उक्त सार्वजनिक शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने में सक्षम होगा। देखने में यह आता है कि कई लोगों के द्वारा शौचालय का उपयोग कर पानी नहीं डालते हैं। इस तरह के गलत व्यवहार के चलते अन्य लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। सभी लोगों को स्वयं ही स्वच्छता का महत्व समझते हुए अच्छी आदतों का पालन करते हुए सार्वजनिक शौचालय में भी स्वच्छता बनाए रखने में नपा के साथ भागीदारी निभाने की आवश्यकता है।

### सामने प्रदर्शित हो सूचना

शहर के बाजारपारा क्षेत्र में पौनी पसारी शेड के पास बने एक छोटे भवन में नपा द्वारा सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है। इस भवन में मुख्य मार्ग से सामने के हिस्से में सार्वजनिक शौचालय होने की जानकारी कही प्रदर्शित नहीं हैं, बल्कि भवन के पिछले हिस्से में शौचालय होने की जानकारी है। इस सूचना को भवन के सामने हिस्से में उल्लेख करने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। सामने सूचना प्रदर्शित नहीं होने के कारण शहर के ही अधिकांश लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं है।

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में आए 32 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### जनसुनवाई में 57 आवेदन पत्रों में की हुई सुनवाई

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने 57 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके सोनी, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप मोगरे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

### सुपर सीडर के लिए किसानों से आवेदन

**अनूपपुर।** नरवाई की समुचित प्रबंधन के लिए संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषकों को ई-अनुदान डीबीटी पोर्टल के माध्यम से हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले के किसान वर्तमान में ऑन डिमाण्ड के माध्यम से पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक कृषक 4500 रूपए का डिमांड ड्राफ्ट के रूप में सहायक कृषि यंत्री शहडोल के नाम से बनाकर पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। जिसमें हैप्पी सीडर पर अनुदान की अधिकतम राशि 81 हजार 400 रूपए एवं सुपर सीडर पर अनुदान की अधिकतम राशि 1 लाख 20 हजार रूपए हैं।

### संकाय सदस्य की होगी भर्ती

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत कार्यालय, कोरिया से मिली जानकारी के तहत राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान योजना (आरजीएसए) के अनुसार जिला पंचायत संसाधन केन्द्र (डीपीआरसी) के लिए संकाय सदस्य के स्वीकृत संविदा पद की भर्ती के लिए जारी मार्गदर्शिका में वर्णित प्रावधानों के तहत संविदा नियुक्ति के लिए इच्छुक व निर्धारित अर्हता व योग्यता रखने वाले छग के मूल निवासी उम्मीदवारों से 10 मई की सायं 5.30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र वांछित अर्हता व योग्यता की स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों सहित मंगाए गए हैं।

### बोरी बंधान कर जल के संरक्षण का दिया गया संदेश

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवाकुर संस्था जीएस हितकारिणी समिति कोतमा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहाटोला तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के संयुक्त प्रयास से कोतमा विकासखंड के पुलिया नाला बैहाटोला में बोरियों का बोरी बंधान किया गया तथा लोगों को जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए संदेश दिया गया।

# शिवपुर-चरचा और बैकुंठपुर में नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों शिवपुर-चरचा और बैकुंठपुर में पहले चरण में नागरिकों की शिकायतों और आवश्यकताओं पर जिस सक्रियता से कार्य किया गया, उसने लोगों के विश्वास को मजबूत किया है।

नाली सफाई, स्ट्रीट लाइट सुधार, गंदगी हटाना, पेंशन मंजूरी और प्रमाण पत्र जारी करने जैसे मुद्दों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। अधिकारी आवेदनों को गंभीरता से लेकर तुरंत समाधान कर रहे हैं और नागरिकों को उनके मोबाइल नंबर पर फॉलोअप कॉल भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया था कि सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसका प्रभाव अब जमीन पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

सुभाष नगर वार्ड शिवपुर-चरचा निवासी उपमेन्द्र सिंह द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लिए दिए गए आवेदन का शीघ्र समाधान के लिए कार्रवाई की गई। वार्ड क्रमांक 1 निवासी संजय दास के राशन कार्ड से नाम कटवाने का आवेदन पूरा हुआ। बैकुंठपुर वार्ड 2 में निवासरत रामसुमेर केंवट द्वारा मिशन स्कूल रोड की सफाई की मांग पर त्वरित सफाई की गई। सूबेदार गुप्ता ने नाली पर बने अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की मांग की और अब समाधान कर दिया गया है, इसी तरह सुखदेव राम बेक के आवेदन पर रैन बसेरा में कटे लकड़ियों को हटवाया गया।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेसी सड़कों पर, कैंडल मार्च निकाल दी श्रद्धांजलि





श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी।

**बैकुण्ठपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या के विरोध में मंगलवार शाम कांग्रेसजनों ने कैंडल मार्च निकालकर अपनी संवेदना प्रकट की।

शहर के कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ हुआ यह कैंडल मार्च नगर के प्रमुख कुमार चौक तक पहुंचा।

- पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता दर्शाई, मृतकों की आत्मा की शांति के लिए रखा मौन

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुमार चौक पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह मार्च केवल श्रद्धांजलि देने का माध्यम नहीं, बल्कि देशवासियों को एकता का संदेश देने का प्रयास है। कांग्रेस इस दुख की घड़ी में पीड़ति परिवारों के साथ खड़ी है और आतंकवाद के हर स्वरूप की कड़ी निंदा करती है। कार्यक्रम में काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# पटना में नए अध्यक्ष पैकरा का जोशीला स्वागत



स्वागत करते भाजपाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना

पूर्व गृहमंत्री एवं छग राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा बीते 21 अप्रैल को पटना पहुंचे, जहां इमली चौक पर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, जनपद सदस्य रंजीत मंडल, रेखा वर्मा, अहिबरन सिंह, राजेश सोनी, श्रीमती ज्योति देवांगन, प्रमिला सिंह, ललिता यादव, मीरा सोनी, टिंकू सिंह, सुरेश साहू, शंकर सोनी, देवेन्द्र सिंह, गणेश यादव, सचिदानंद द्विवेदी, सुधीर वर्मा, रमेश पोया, सुनील सिंह, राकेश गुप्ता सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में समग्र आईडी और राशन कार्ड उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक पात्र व्यक्ति की ई-केवाईसी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ई केवाईसी कार्य में पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक एवं मोबिलाइजर की बैठक लेने के निर्देश भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ई-केवाईसी कार्य का प्रतिदिन गंभीरता के आधार पर मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित की जाए, जिससे अभियान की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके।

## एडीईओ के 200 पदों पर भर्ती के विज्ञापन जारी

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर प्रदान करने लगातार नई पहल कर रही है। इसीक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) के 200 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इन पदों में 193 रिक्त पद एवं 7 बैकलॉग पद शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया का संचालन सीजी व्यापम द्वारा किया जा रहा है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 2 मई तक व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित की गई है, जबकि ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## स्कूल और गांव में फैली सुरक्षा की चमक

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार 2025 ने ग्रामीणों की पुरानी मांग पूरी कर दी है। ग्राम उरावपारा जमड़ी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में फल्ड लाइट लगाने की मांग पर शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए परिसर को रोशन कर दिया है। इस पहल से जहां बच्चों को सुरक्षित माहौल मिला है, वहीं गांव के लोगों को भी आवागमन में सुविधा हो रही है। ग्रामवासी विनोद साहू ने बताया कि पहले अंधेरा होने के बाद स्कूल और उसके आसपास से गुजरना जोखिमभरा हो जाता था। अब लाइट लगने से गांव में सुरक्षा और सहजता दोनों आई है। लाइट लगते ही गांव में उत्साह का माहौल बन गया और लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय और प्रशासन के प्रति आभार यक्त किया।

## मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप के लिए आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार राज्य में सुशासन को बढ़ावा देने के लिए लगातार नवाचार और प्रभावी नीतियों पर जोर दे रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री गुड गवर्नेस फेलो योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को गवर्नेस के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर एक दक्ष एवं उत्तरदायी प्रशासनिक पीढ़ी तैयार करना है। योजना के अंतर्गत छग सरकार भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर के साथ मिलकर पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेस में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करेगी।

## वार्डों में नलजल योजना दम तोड़ रही, जिम्मेदार गायब

# गर्मी के साथ बढ़ा सोनहत मुख्यालय में पेयजल संकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

मुख्यालय पंचायत क्षेत्र के वार्डों में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहराता जा रहा है। करोड़ों की लागत से नलजल योजना के तहत पाइपलाइन और नल पोस्ट तो बिछा दिए गए, लेकिन आज भी अधिकांश वार्डों में एक बूंद पानी नहीं टपक रहा।

वार्ड क्रमांक 3, 4, 5 के रहवासियों ने बताया कि कई वर्षों से केवल आश्वासन मिल रहे हैं, जबकि घरों के सामने पाइप तो हैं पर पानी नहीं। नल जल योजना के तहत पंचायत द्वारा नालियां खुदवाकर भारी भरकम खर्च में पाइपलाइन बिछाई गई थी, लेकिन यह काम बिना



खंडर में तब्दील हो रहे स्टैंड पोस्ट।

तकनीकी निगरानी और कुशल मार्गदर्शन के होने के कारण सिर्फ दिखावा बनकर रह गया। वार्ड नंबर 5 निवासी विजय गुरूजी, लालजी साहू और राजू बर्तन वाले ने बताया कि गर्मी में स्थिति और भी भयावह हो गई है। सुबह से बाल्टियों के साथ निजी बोर या टैंकरों पर निर्भर रहना आम बात हो गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत स्तर से बार-बार शिकायत के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। योजना के नाम पर सिर्फ खर्च और खानापूर्ति की जा रही है, इससे आम जनता का भरोसा उठता जा रहा है। पंचायत की निष्क्रियता और लापरवाही के खिलाफ लोग अब खुलकर आवाज उठाने लगे हैं। ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि शीघ्र पेयजल व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो वे आंदोलन या शिकायत उच्च स्तर पर ले जाने को मजबूर होंगे।

## श्री श्री अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन का भव्य आयोजन रेल्वे कॉलोनी मनेन्द्रगढ़ में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन की यह 56 वीं वर्षगांठ है, जो कि सन 1970 से अनवरत श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित होता आ रहा है। 30 अप्रैल बुधवार को समयः रात्रि 9 बजे से होगा। 72 घंटे का अखण्ड हरिनाम संकीर्तन, 1 मई गुरूवार को प्रातः 6:30 बजे से प्रारंभ होगा। 4 मई रविवार प्रातः 6:30 बजे संकीर्तन का समापन होगा। वहीं महोत्सव एवं भंडारा 4 मई रविवार को रात्रि 8:30 बजे से प्रारंभ होगा। इस पुण्य अवसर पर विभिन्न भागों से पधारने वाली प्रसिद्ध हरिनाम संकीर्तन मंडलियां भाग लेंगी। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुजन से अपील किया है कि वे सपरिवार पधारकर इस भक्ति महायज्ञ में सहभागी बनें एवं हरिनाम संकीर्तन का लाभ प्राप्त करें।

23-APRIL- JAS- KORIYA- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/23/2025 7:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### अमेरा के नए सहक्षेत्र प्रबंधक खन्ना ने संभाला पदभार

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के अमेरा सहक्षेत्र परियोजना के नए सहक्षेत्र प्रबंधक चीफ मैनेजर माइनिंग राजेश खन्ना ने सोमवार 21 अप्रैल को विधिवत पदभार संभाल लिया है।बता दें कि अभी गत 15 अप्रैल को कंपनी मुख्यालय से एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ कुल तैंतीस माइनिंग अफसरों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई थी।जिसमें बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा ओपन कास्ट परियोजना में कंपनी मुख्यालय बिलासपुर एस एंड आर विभाग में पदस्थ चीफ मैनेजर राजेश खन्ना को अमेरा परियोजना में सब एरिया मैनेजर का दायित्व सौंपा गया था,उन्होंने यहां प्रभारी सब एरिया मैनेजर डीके शर्मा से सोमवार को विधिवत चार्ज ले लिया।इस दौरान सहक्षेत्र कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।बता दें कि अमेरा खुली खदान परियोजना अधिग्रहित भूमि का आधिपत्य नहीं मिल पाने स्थानीय नेताओं व ग्रामीणों के विरोध के कारण लंबे समय करीब छह वर्ष से अधिक समय से बंद पड़ी थी ।गत वर्ष अधिग्रहित भूमि का कुछ हिस्से का आधिपत्य मिलने के बाद प्रबंधन ने यहां दिसंबर 2023 में कोयला उत्खनन शुरू कराया।खदान के विस्तार के क्रम में वर्तमान में परसोढीकला में कोयला खनन और भूमि अधिग्रहण के लिए प्रबंधकीय प्रयास जारी है।अब नए सहक्षेत्र प्रबंधक और क्षेत्र के नए मुखिया संजय सिंह पर विश्वास कर कंपनी प्रबंधन ने अमेरा खदान को चलाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

### पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग



**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय हिंदू संगठन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने के साथ ही स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता को देखते हुए केंद्रीय बलों को तैनात करने, उत्पीड़न की घटनाओं की जांच विशेष जांच दल से करा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, हिंदू समुदाय की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने और उनकी जान माल की सुरक्षा करने, पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और उनके पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र सिंह ने बताया कि पं.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक पक्षीय एजेंडे से हिंदू समाज बारंबार आहत हो रहा है। हिंदू समुदाय को लक्षित कर प्रताड़ित किया जा रहा है और खून-खराबा करवाया जा रहा है। प्रजातंत्र में ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। इस दौरान श्रीमती सुनीता व्यास, ईजी.उमेश चंद्र सिंह, गोवर्धन मिश्रा, आनंद मिश्रा, जय प्रकाश गुप्ता, नरेंद्र सिंह एवं राज नारायण द्विवेदी उपस्थित थे।

### डॉ. अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के तहत समाज के लोगों को किया गया सम्मानित



**लखनपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत एससी समाज के बीच ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में पांच घरों में जाकर उन्हें शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष रवि महंत, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, महामंत्री विक्रम सिंह, सरपंच पनमेश्वरी सिंह, सुनील सिंह, लक्ष्मण सिंह, संतोष सिंह, रुपेश बरातु, रैदास, शिवधन रैदास, श्रीमती संतोषी रैदास, गुल्लु एवं समाज के अन्य लोग शामिल रहे।

### युवा कांग्रेस ने की स्कूलों में छुट्टी की मांग

**राजपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए बलरामपुर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बृजेश यादव ने कलेक्टर बलरामपुर को ज्ञापन सौप कर सभी शासकीय एवं



प्राइवेट स्कूलों को बंद करने की मांग की है। अप्रैल के महीने में तापमान बहुत ही बढ़ गया है ऐसे में छोटे बच्चों को स्कूल आने जाने में लू लगने का खतरा बढ़ गया है और बच्चों के सेहत पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है और बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और दिन प्रति दिन तापमान बढ़ता जा रहा है तेज धूप के कारण बच्चों के तबियत ख़राब होने से अभिभावक भी परेशान हो रहे हैं। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर तत्काल सभी स्कूलों की छुट्टी करने और 16 जून से स्कूल खोले जाने की मांग की है।

### दसवीं बटालियन में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**बिश्रामपुर।** दसवीं बटालियन कनकपुर सिलफिली में मंगलवार को सेनानी प्रशांत कतलम एवं जिला आयुष अधिकारी सूरजपुर के मार्गदर्शन में शिविर प्रभारी डॉ संतोष सिंह एवं चिकित्सकों के टीम द्वारा आयुष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।आयोजन में सर्वप्रथम बटालियन के सेनानी प्रशांत कतलम, सहायक सेनानी सुधीर कुजूर एवं चिकित्सकों और जवानों की उपस्थिति में भगवान धन्वंतरि के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।उक्त शिविर में सभी को आयुष चिकित्सा पद्धति के विधा पंचकर्म, क्षारसूत्र, आयुर्वेदिक औषधि, एवं योग के बारे में बताया गया।

## सामान्य से 3.1 डिग्री अधिक दिन का तापमान

# झुलसाने लगी पश्चिम की गर्म हवाएं तापमान पहुंचा 41 डिग्री के ऊपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पश्चिम की गर्म हवा के थपेड़ों ने अब झुलसाना शुरू कर दिया है। रविवार से लगातार तापमान में वृद्धि होने का क्रम जारी है। गर्मी का यही हाल रहा तो एक-दो दिन में लोगों को लू का सामना करना पड़ सकता है।

**खास बातें**

- पांच दिनों से जारी है तापमान में वृद्धि का क्रम
- पश्चिमोत्तर की हवाओं से रात में राहत

लंबे समय तक गर्मी से राहत रहने के बाद पिछले पांच दिनों से लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है। रविवार को पहली बार पारा 40.0 डिग्री के ऊपर पहुंचने पर लोगों को असहज महसूस हुआ। मंगलवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकली तथा तापमान 41.2 डिग्री पहुंच गया। मौसम विज्ञानी के अनुसार लगातार गर्म हवाओं के थपेड़े पहुंच रहे हैं जिससे तापमान में वृद्धि हो रही है। फिलहाल कोई ऐसा मौसमी घटक मौजूद नहीं है जो पश्चिम के गर्म हवाओं को रोक सके। ऐसे में फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। सरगुजा को 41.0 के तापमान ने ही बेहाल कर दिया है। हालत यह है सुबह 8 बजे ही धूप की गर्मी काफी अधिक हो जा रही है जिससे बाहर निकलने में लोग असहज महसूस कर रहे हैं। दोपहर में सड़के सूनी हो जा रही हैं। बेहद आवश्यक होने पर ही लोग दोपहर में बाहर निकल रहे हैं। मध्य छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है तथा तापमान 44.0 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। मध्य छत्तीसगढ़ की तुलना में सरगुजा में कम गर्मी है। मौसम विज्ञान विभाग ने आगे भी गर्म हवा के थपेड़े चलने का अलर्ट जारी किया है। ऐसी स्थिति में मौसम विज्ञानी तापमान में और अधिक वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। गर्म हवा के थपेड़ों से वातावरण की नमी तेजी से सूख रही है तथा शुष्कता बढ़ रही है जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार तापमान में सामान्य से 4.5 डिग्री से अधिक की वृद्धि होने पर लू की स्थिति निर्मित होती है।

सोमवार को शहर का तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री एवं मंगलवार को सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया है। मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में लू की स्थिति निर्मित हो गई है जिसका असर आने वाले समय में सरगुजा पर भी पड़ने की संभावना है। रात में पूर्वोत्तर एवं दक्षिण की हवाएं चलने के कारण गर्मी से कुछ राहत रह रही है। पश्चिमोत्तर एवं दक्षिण की हवाएं चलने से रात का तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया है। रात में पश्चिम की हवाएं चलने की स्थिति में रातें भी गर्म होने लगेगी।



दोपहर में सूनी शहर की मुख्य सड़क।

### अप्रैल में पड़ती है भीषण गर्मी

अप्रैल के महीने में सरगुजा में भीषण गर्मी पड़ती है। इस दौरान सामान्यता तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। अप्रैल में कई बार तापमान 43.0 डिग्री के ऊपर पहुंच जाता है। 28 अप्रैल 1999 के दिन सर्वाधिक 43.8 डिग्री एवं 28 अप्रैल 2010 को 43.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

### विक्षोभ से नहीं मिलेगी राहत

उत्तर भारत में 24 अप्रैल को एक नया पछुआ विक्षोभ पहुंचने वाला है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं हवा की दिशा बदलने से गर्मी से राहत मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है लेकिन कमजोर होने के कारण विक्षोभ का असर सरगुजा तक नहीं पहुंचेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार विक्षोभ हिमालय से टकराने के बाद कमजोर पड़ जाएगा। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान के ऊपरी सतह पर हल्के बादल छाने की संभावना है। विक्षोभ पश्चिम की हवाओं को प्रभावित नहीं कर पाएगा। ऐसे में फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

### स्कूलों की हुई छुट्टी

गर्मी के कारण स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निजी स्कूलों का संचालन सुबह 7:30 से 11:30 तक हो रहा था। छुट्टी होने पर बच्चे तपती दोपहरी में घर पहुंचते ही निढाल हो जाते थे। गर्मी के कारण बच्चे बीमार पड़ रहे थे। सोमवार को एक बड़े निजी स्कूल में कक्षा 9वीं की छात्रा गर्मी से बेहोश हो गई थी। सोमवार को छात्र संगठन एनएसयूआई वहीं मंगलवार को अभिभावक संघ ने बच्चों की सुरक्षा के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंप स्कूलों की छुट्टी करने की मांग की। कलेक्टर ने एसडीएम का हवाला देकर शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को ध्यान में रखते हुए छुट्टी के लिए अभी इंतजार करने की सलाह दी। राहत की बात है कि शासन ने ही भीषण गर्मी को देखते हुए 25 अप्रैल से ग्रीष्मावकाश की घोषणा कर दी है।



# सरकार कर रही किसी अनहोनी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आखिरकार भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने स्कूलों का संचालन बंद करने का निर्णय ले लिया है। 25 अप्रैल से शासन ने सभी शासकीय और निजी स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया है लेकिन इस बीच प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का बयान सामने आया है। उन्होंने स्कूल बंद करने पर संतुष्टि जाहिर की है लेकिन 25 अप्रैल की जगह तत्काल स्कूल बंद करने की बात कही है।

- पूर्व डिप्टी सीएम ने तत्काल स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग

उन्होंने कहा है कि छोटे बच्चों को काफी दिक्कत जा रही है और खुदा ना खस्ता किसी बच्चे को कोई हानि ना हो जाए। प्रदेश सरकार किसी अनहोनी का इंतजार कर रही है। उन्होंने का कि हम शासन के इस तर्क से सहमत नहीं है कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन खिलाना है इस लिए बच्चों को स्कूल बुलाया जाए। कक्षा 1ली से 8वीं तक के बच्चों को मध्यान्ह भोजन मिलता है और इस उम्र के बच्चे ही सबसे कोमल होते है। इसके आगे सरकार की मर्जी है बस किसी बच्चे को कोई नुकसान ना हो। बता दें कि विगत एक सप्ताह से सरगुजा जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ रही है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में पारा 40 डिग्री पर कर गया है और लू का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में प्रदेश में स्कूलों के संचालन से बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। गर्मी से बच्चों के लगातार बीमार होने की सूचनाएं आ रही है। इस विषय को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने शालेय शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी से मोबाइल पर चर्चा कर तत्काल प्रभाव से स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग की थी। चर्चा में उन्होंने कहा कि शासकीय नियमानुसार एक वर्ष के 365 दिन की अवधि में न्यूनतम 160 से अधिकतम 200 दिन स्कूलों को खोला जाना है। प्रशासन इसे मानवीय संवेदना के आधार पर समायोजित करें ताकि स्कूली बच्चों पर मौसम की भीषणता का नकारात्मक असर न पडे। उन्होंने शालेय शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी को सुझाव दिया कि स्कूलों में अवकाश घोषित कर स्कूली बच्चों को सूखा मध्यान भोजन उपलब्ध कराया जाये।

# तीन दिन में रोके गए सात बाल विवाह विवाह

**सूरजपुर।** जिला बाल संरक्षण टीम की सक्रियता तीन दिन में आधा दर्जन से ज्यादा बाल विवाह जिले में रोके गए। है। प्रतापपुर के एक गांव में 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह रोक दिया गया था। बालिका के विवाह रोकने के बाद भी विवाह करने की तैयारी की जा रही थी।

- रोकने के बाद भी मंडप लगाने से लड़की को लाया गया सखी वन स्टॉप सेंटर



जिस पर प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती संतोषी, तहसीलदार एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जांच किया गया तो पता चला की विवाह रोकने के बाद भी मण्डप लगा लिया गया है और विवाह के रस्म निभाये जा रहे है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बालिका को सखी वन स्टॉप सेंटर में ले आया गया। साथ ही भैयाथान विकासखण्ड के एक गांव में 17 वर्षीय लड़की के विवाह की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तो पाया की घर अंदर से बंद है और घर में 2-3 औरतें हैं। बाकी सभी अन्यत्र चले गये है। आंगन के जांच करने पर पाया गया कि आंगन में मंडप लगा था। जिसे तुरंत उखाड़ कर मिट्टी डालकर लिपाई कर दी गई। जबकि घर में बड़ी मात्रा में भोजन बन रहा था। सरपंच को बुलाकर समझाईश पर परिजन उपस्थित हुए और बताया कि बालिका के जिद पर विवाह करना पड़ रहा है।बालिका को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने के लिए सखी में लाया गया। एक अन्य प्रकरण में ग्रामीणों की शिकायत पर कोरबा का एक परिवार बालिका को लेकर सूरजपुर से रामानुजनगर विकासखंड में आया हुआ है और बालिका का विवाह कर रहा है। बाल संरक्षण की टीम मौके पर गई और बाल विवाह रोक कर बालिका सहित परिवार की वापस कोरबा भेज दिया। रामानुजनगर विकासखण्ड के एक 17 वर्षीय बालक का बाल विवाह की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची जहीं। जहां पता चला की बारात आज ही सरगुजा के लिए चली गई है। संयुक्त टीम की उपस्थिति में गांव के सरपंच के हस्तक्षेप से बारात को वापस बुलाया गया। तीन दिन में संयुक्त टीम ने प्रतापपुर में 3, भैयाथान में 2 एवं रामानुजनगर में 2 बाल विवाह को रोका।

### भतीजे की बारात लेकर गए चाचा की दुर्घटना में मौत

**अम्बिकापुर।** रमकोला निवासी रामदास आ. स्व. बीचू राम (70 वर्ष) गत दिन भतीजे की बारात लेकर बभनी के परसापारा गया था। जैसे ही बारात बभनी परसापारा पहुंची तभी रामदास सहित अन्य बाराती वाहन से उतर सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना रामदास गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को बभनी अस्पताल में जांच कराने के पश्चात वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



# तीन स्थानों पर चोरों का धावा, पार किया सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

क्षेत्र में चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है आए दिन चोर कहीं न कही चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। पहले जहां चोर केवल एसईसीएल से चोरी कर रहे थे लेकिन ग्रामीण क्षेत्र से भी चोरी की घटना को अंजाम देने लगे है।

बीती एक ही रात में चोरों निजी व शासकीय संस्थान में धावा बोलकर तीन जगह पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। ग्राम केतका में भारतीय स्टेट बैंक के बीसी ग्राहक सेवा केंद्र में घुसकर नगद समेत अन्य सामानों की चोरी कर फरार हो गए। वही मेन रोड स्थित कामेश्वर के मोबाइल दुकान से मोबाइल समान ,नगदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। बीत रात ही चोरों ने मानी धान खरीदी केंद्र के ऑफिस का ताला तोड़कर प्रिंटर, सीसीटीवी मॉनिटर, एडॉप्टर चोरी कर फरार हो गए। केतका में चोरी को अंजाम देने वाले दो युवक जो सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे है जो कंबल ढंकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। तीनों संस्थान के लोगों ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। इस संबंध में थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस पकड़ में होंगे।

# जमीन में गड़ा धन निकालने के नाम ठगी करने वाला आरोपी 3 साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

घर के जमीन पर गड़ा धन निकालने का झांसा देने वाले एक आरोपी को पुलिस ने घटना के तीन साल बाद गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व ही पुलिस ने घटना में शामिल अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने हत्थे चढ़े आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़ित से 14 लाख रूपए ठगे थे।

- साथियों के साथ मिलकर किया था 14 लाख रूपए की ठगी



पुलिस के मुताबिक रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम खोंड़ निवासी अभिषेक प्रताप सिंह ने 21 जून 2022 को सूरजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था जब वह सेन्ट्रल बैंक में कार्य कर रहा था उसी दौरान कोरबा निवासी विमल सिंह ठाकुर मिला और बातचीत के दौरान उसने बोला कि एक ऐसे आदमी को जानता हूं जो तंत्र विद्या के माध्यम से जमीन में गड़ा धन को निकालता है। उसके बताने पर उसके झांसे में आ गया और कुछ दिन बाद विमल सिंह अपने साथ तांत्रिक नरेश पटेल, मनोज कुमार को कार में लेकर सूरजपुर आया। नरेश पटेल बोला कि जमीन में गड़ा धन को निकालता हूं, मैं तुमको निकाल कर दूंगा तो तुम धनवान हो जाओंगे, तुम्हारे पास करोड़ो रूपये होंगे। इस बीच तंत्र मंत्र के लिए सामान के लिए पैसा चाहिए कहकर चले गए। इधर झांसे में आकर विमल सिंह के फोन-पे पर 20 हजार रूपए। दूसरे दिन कार से विमल, नरेश, मनोज सूरजपुर आए और उसके घर में खोद गए जहां पर तंत्र मंत्र किए और जमीन से एक हन्डा (बर्तन) निकला और लाल पकड़े से बांध कर घर के कमरे में बंद कर चले गए। साथ ही बर्तन को नहीं छेने की बात कही। दूसरे दिन विमल ने फोन कर सामान लाने के लिए 4 लाख रुपये मांग की। जिस पर अभिषेक ने अपने भाई व अन्य लोगों से 3 लाख 50 हजार रुपए भेजा। 3 दिन बाद तांत्रिक नरेश पटेल, मनोज कुमार, अशोक दास तीनों कार से पहुंचे और 2 लाख रुपए देने के बाद ही पूजा पाठ करने की बात कही। पीड़ित ने अन्य लोगों से कुल 9 लाख 90 हजार रुपये नरेश पटेल को दिए। रूपए मिलते ही तीनों चकमा देकर फरार हो गए। इधर पीड़ित ने जब जमीन पर गाड़े बर्तन को बाहर निकाला और कपड़ा खोलकर देखा तो उसे मिट्टी भरा था। जमीन में गड़े हन्डा में रखे सोना को निकालने के नाम पर 14 लाख 9 हजार रूपये की ठगी करने पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 417 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले में विवेचना कर पुलिस ने पूर्व में मनोज केंवट, अशोक दास, विमल सिंह को गिरफ्तार कर 4 लाख 9 हजार रूपये बरामद किया था। इस मामले में वर्ष 2022 से फरार आरोपी कोरबा भालू सरका नकटीखार निवासी नरेश पटेल आ. स्व. प्रेमलाल पटेल (48 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी करने की बात कबूल की। साथ ही ठगी की राशि से मकान बनाने में खर्च कर देने की बात कही। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एसएस पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह, आरक्षक राम नारायण सोनवानी व रविराज पाण्डेय सक्रिय रहे।

# छह दिनों से तीन हाथियों का दल क्षेत्र में मचा रहा उत्पात

**राजपुर।** क्षेत्र में विगत छह दिनों से हाथियों का उत्पात जारी है। तीन हाथियों का दल लगातार वन परिक्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। बीती रात पुनः हाथियों ने अखोराखुर्द में जमकर उत्पात मचाते हुए किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही घरों में तोड़फोड़ की है।

इस घटना के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वर्तमान में हाथियों का दल धन्धापुर के कक्ष क्रमांक 2740 में विचरण कर रहा है और वन विभाग द्वारा लोगों को हाथियों से दूर करने की सलाह दी जा रही है। बता दें कि राजपुर वन परिक्षेत्र में 17 अप्रैल की रात्रि प्रतापपुर वन परिक्षेत्र से तीन हाथियों का दल राजपुर वन परिक्षेत्र में प्रवेश कर धंधापुर, बदौली, अखोरा खुर्द, सिधमा, शिवपुर, रेवतपुर, कुंदीकला, क्षेत्र में विचरण कर रहा है। तीन हाथियों का दल लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों का फसल को नुकसान पहुंचा रहा है।

## 80 करोड़ की लागत से बन रही सड़क व नाली

# सड़क व नाली निर्माण में भारी गड़बड़ी, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर से राजपुर मार्ग पर चल रहे सड़क और नाली निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। सड़क निर्माण तो काफी हद तक पूरी हो गई है लेकिन सड़क किनारे नाली निर्माण पूर्ण नहीं हो सकी है। हैरानी की बात तो है कि नाली निर्माण में सिर्फ गुणवत्ता को दरकिनार कर की जा रही है बल्कि ठेकेदार द्वारा रात के अंधेरे में ही कर दिया जाता है जिससे पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों पर ही सवाल उठने लगे है। इधर गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

प्रतापपुर-राजपुर के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा की स्वीकृति के बाद से ठेकेदार द्वारा करोड़ों की लागत से टू लेन सड़क निर्माण कराया जा रहा है। 80 करोड़ की लागत से बन रही सड़क सह नाली निर्माण बड़े ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। विकासखंड प्रतापपुर विकासखंड में 10 किलोमीटर की सड़क तो लगभग पूर्ण हो चुकी है लेकिन मार्ग पर कहीं कहीं काम अधूरा है। ठेकेदार द्वारा कछुआ की चाल से कराए जा रहे निर्माण राहगीरों के लिए आफत बन चुकी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह निर्माण कार्य पिछले तीन-चार वर्षों से चल रहा है, लेकिन आज तक न पूर्ण हो सकी है और न ही निर्माण की गुणवत्ता में कोई सुधार हो सका। हालांकि काफी हद तक सड़क कार्य हो चुके है लेकिन कई जगह काम चल रहा है जिससे लोगों आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क व नाली निर्माण में बरती जा रही लापरवाही को लेकर स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई है। उन्होंने जिला प्रशासन और शासन से जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग है।



गुणवत्ताहीन नाली।

### गुणवत्ता का नहीं दे रहे ध्यान

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क किनारे पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कराया जा रहा है। रात के अंधेरे में ही नाली निर्माण करा दिया जाता है। सीमेंट की मात्रा कम डाली जा रही है, जिससे संरचना की मजबूती संदिग्ध हो चुकी है। सरिया का उपयोग न के बराबर किया गया है और जहां किया गया है, वहां उसका अंतर स्पेस मानकों से अधिक है। कंक्रीट मिश्रण का अनुपात असंतुलित है। ऐसे में नाली टिकाऊ है या नहीं इस पर भी सवाल उठने लगे है।

### अधूरे पुलिया निर्माण ने बढ़ाई परेशानी

प्रतापपुर-राजपुर मार्ग पर कई जगह छोटी पुलिया निर्माण कराया जाना है। हैरानी की बात तो यह है कि छोटी पुलिया का कार्य अब तक शुरू नहीं हो सकी। ऐसे में बारिश के मौसम में जल निकासी का संकट तय है। पुलिया निर्माण जल निकासी और सड़क की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है

### ग्रामीणों ने की थी शिकायत

निर्माणाधीन सड़क शुरू से ही विवादित हो चुका है। पूर्व में ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत चाँचीडाँड बस्ती से लगभग 1 किलोमीटर दूरी तक सीसी सड़क का निर्माण कराया था। सीसी सड़क इतना घटिया था कि बनने के कुछ दिन बाद ही अपने आप उखाड़ना शुरू हो गया था।

### लिखा गया है पत्र

सड़क व नाली निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं देने की शिकायत मिली है। इस संबंध में ठेकेदार पर जांच व कार्रवाई करने अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

-सुधीर बड़ा, इंजीनियर पीडब्ल्यूडी



# 'रेट्रो' का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म 'रेट्रो' का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। 'रेट्रो' एक मई को रिलीज होने वाली है। 'रेट्रो' के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

लाइफ Style

# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम 'सैयारा' है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, "फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।




## हॉलीवुड मसाला




# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है 'नागजिला'। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# 'डॉन-3' में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'डॉन 3' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

## टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो 'लाफ्टर शेफ' में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, 'शादी कब कर रही हैं?' वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, 'आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।' इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।' शो 'लाफ्टर शेफ'में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। 'एक हजारों में मेरी बहना है' जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।



## अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, 'वह मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!' अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।



# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। 'कल्पना' बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।

### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।



### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# 'आमा-बुबू' की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स' के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म 'पायर' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। 'पायर' फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म 'पायर' को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर '28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को '16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## 'ग्राउंड जीरो' में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। 'ग्राउंड जीरो'से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*




**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।




**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।



**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर 'मिशन कश्मीर' उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।



**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 'शिकारा' भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म 'फितूर' की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म 'कश्मीर की कली' में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।

23-APRIL- KORIYA- Bhoomi pg-4_Layout 1 4/23/2025 8:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मुस्लिम समाज ने निःशुल्क बारात घर का किया शुभारंभ



**बिश्रामपुर।** मुस्लिम कमेटी की अनोखी पहल में क्षेत्र की गरीब बेटियों की शादी में अब जगह का रोड़ा नहीं आएगा। सामाजिक सौहार्दता के तहत नगर में आशियाना मैरिज गार्डन का सोमवार को नगर के स्टेट बैंक के समीप स्थित करबला मैदान में शुभारंभ किया गया है।
गौरतलब है कि बिश्रामपुर क्षेत्र के मुस्लिम कमेटी द्वारा आशियाना मैरिज गार्डन का उद्घाटन किया गया। जहां अब सर्व धर्म की बेटियों की शादी हेतु जगह का रोड़ा अब हट जाएगा। यहां पर उदघाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में कांग्रेस के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुभाष गोयल, पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, नरेंद्र जैन, विनोद जिंदल, धर्मेंद्र गुप्ता, सरफराज, जिम्मी खान,कमेटी के सदर कलाम, वाहिद, गयासु व अन्य उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम फीता काट कर आशियाना मैरिज गार्डन का शुभारंभ किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि बारात घर के उद्घाटन में सभी धर्मों के लोग शामिल होकर सामाजिक एकता का परिचय दिया है, यह एक सराहनीय पहल है। जहां इस शादी घर के बनने से गरीब तबके की बहन व बेटी की शादी में कोई बाधा नहीं आएगी और उनको निःशुल्क शादी के लिए जगह उपलब्ध हो पाएगी। क्षेत्र के मुस्लिम कमेटी के लोगों ने सराहनीय पहल करते हुए सभी वर्गों के लिए शादी घर उपलब्ध कराने की बात कही है।

### सशिमं स्कूल के घोषित किए गए परीक्षा परिणाम



**बलरामपुर।** मंगलवार को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। परीक्षा परिणामों की घोषणा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय समिति के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्र, सह व्यवस्थापक पवन सिंह, कोषाध्यक्ष बिहारी पाल, कोदू राम द्विवेदी, जिला प्रतिनिधि प्रमोद द्विवेदी, प्रधानाचार्य विनय कुमार पाठक शामिल हुए। इस दौरान समिति के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। स्कूल में कक्षा अरुण में प्रथम स्थान भैया आयुष ने 99.5 प्रतिशत, द्वितीय स्थान में वैभव सिंह, हिमांशु एवं ममता सिंह, संजना सिंह ने 99 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर अभिजीत गुप्ता, मोहित सिंह, गणेश सिंह ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्राप्त किया। कक्षा उदय में प्रथम स्थान आराध्या पाल 99 प्रतिशत, द्वितीय हरे कृष्ण पाल 97 प्रतिशत, तृतीय अवंतिका सिंह 94 प्रतिशत, कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान पर भूमिका बाई 98.5 प्रतिशत, द्वितीय आर्यजित गुप्ता 95.5 प्रतिशत एवं तृतीय नित्या कर्मकार 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा द्वितीय में प्रथम साधना यादव 92 प्रतिशत, द्वितीय अभिषेक केसरी 90 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर अनुराग रवि 89 प्रतिशत प्राप्त किया।

# सुशासन दिवस में खाद्य विभाग के पास आए उज्ज्वला कनेक्शन के सर्वाधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत खाद्य विभाग में सर्वाधिक लोगों ने उज्जवला गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है लेकिन ऐसा लग रहा है कि इन आवेदनों का निराकरण होना संभव नहीं है। ऐसा इसलिए क्यों कि खाद्य विभाग को इस बार उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए कोई भी टारगेट नहीं दिया गया है। इस बार शासन से ही उज्जवला गैस कनेक्शन को लेकर कोई दिशा निर्देश नहीं आए है ऐसे में यह माना जा रहा है कि लोगों के आवेदनों का निराकरण सिर्फ कागजों में किया जाएगा।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा जनता की समस्याओं के निराकरण और समाधान हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। सुशासन तिहार के तहत पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक शिविर लगाकर लोगों के शिकायती और मांग से सम्बंधित आवेदन लिए गए है। इस दौरान सरगुजा जिले में 1 लाख 40 हजार 904 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,38,635 मांग, 2,258 शिकायत, एवं 11 अन्य आवेदन प्राप्त हुए हैं। 12 अप्रैल से विभागीय स्तर पर आवेदनों का बंटवारा कर उनका निराकरण करने का काम किया जा रहा है। इसमें खाद्य विभाग में ही 11 हजार 500 से अधिक आवेदन आए हुए है और इनमें से महज 128 आवेदन ही शिकायतों से संबंधित है जबकि शेष सभी आवेदन मांग से संबंधित है। खाद्य विभाग में जितने में भी मांग से सम्बंधित आए है उनमें राशन कार्ड में नाम जोड़ने, नए राशन कार्ड सहित अन्य आवेदन है लेकिन इनमें भी सर्वाधिक आवेदन उज्जवला गैस कनेक्शन के आए है और उज्जवला गैस कनेक्शन के आवेदनों को लेकर विभाग की चिंता बढ़ गई है। ऐसा इस लिए क्यों कि इस बार शासन से उज्जवला गैस कनेक्शन के वितरण को लेकर कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है और ना ही अब तक कोई दिशा निर्देश आए है। बता दें कि उज्जवला योजना के तहत ग्रामीण आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं को लकड़ी वाले चूल्हे से मुक्ति दिलाने के लिए रियायती दर पर गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की योजना है लेकिन वर्तमान में इसका लाभ लोगों मिल पाएगा या नहीं इसे लेकर शंसय की स्थिति बनी हुई है ।

## शासन से अब तक नहीं आया कोई लक्ष्य, पोर्टल भी बंद, विभाग की बढ़ी चिंता

### इस वर्ष नहीं आएगा लक्ष्य

बताया जा रहा है कि प्रतिवर्ष उज्जवला गैस कनेक्शन के लिए खाद्य विभाग के पास लक्ष्य आता है और उसी लक्ष्य कस आधार पर उज्जवला गैस कनेक्शन का वितरण किया जाता है लेकिन इस बार उज्जवला गैस कनेक्शन को लेकर कोई लक्ष्य नहीं दिया गया है और ना ही कोई दिशा निर्देश जारी हुए है। इसके साथ ही खाद्य विभाग में उज्जवला गैस कनेक्शन का पोर्टल भी नजर नहीं आ रहा है यही वजह है कि अधिकारी यह भी नहीं बता पा रहे है कि पिछले वर्ष का लक्ष्य कितना था और उसके एवज में कितने हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिया गया था। बताया जा रहा है कि इस बार उज्जवला गैस कनेक्शन के वितरण को लेकर कोई निर्देश आने वाले भी नहीं है ऐसे में विभाग द्वारा सुशासन तिहार में आए आवेदनों का निराकरण कैसे किया जाएगा ऐसे लेकर अधिकारी चिंतित है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों द्वारा पोर्टल में एंट्री के बाद उज्जवला कनेक्शन से जुड़े सभी आवेदनों का कागजों पर निराकरण कर दिया जाएगा और फिर जब भविष्य में शासन से बजट और स्वीकृति आएगी तो संभवतः उन हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदान किया जाएगा।



### नहीं आए है निर्देश

हमारे पास साधे ग्यारह हजार से अधिक आवेदन आए है जिनमें से 128 शिकायती है जबकि शेष मांग से संबंधित है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए आवेदन आए है लेकिन इस वर्ष उज्ज्वला योजना के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं आया है। अभी आवेदनों की छटनी चल रही है। आवेदनों का निराकरण किया जाएगा और भविष्य में स्वीकृति मिलने कर कनेक्शन दिया जाएगा।

-चित्रकांत ध्रुव, जिला खाद्य अधिकारी

## यूपीएससी में हासिल की 496वीं रैंक

# पिता के निधन के बाद बड़े भाई ने छोड़ दी पढ़ाई छोटे भाई ने पास की सिविल सेवा की परीक्षा



केशाव गर्ग।



खुशियां मनाते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कहते है कि जीवन में कुछ करने की ठान लें और लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने का प्रयास करें तो रास्ते में आने वाली कठिनाइयां भी आपको मार्ग से विचलित नहीं कर सकती है और ऐसा ही कुछ कर दिखया है शहर के युवा केशव गर्ग ने। केशव ने यूपीएससी की परीक्षा में 496 रैंक हासिल कर परीक्षा में सफलता हासिल की है। कोरोना काल में पिता को खोने के बाद बड़े भाई ने अपनी पढाई का त्याग किया और छोटे भाई को पढाने की जिम्मेदारी उठाई। छोटे भाई केशव गर्ग ने भी कड़ी मेहनत कर भाई के बलिदान को जाया नहीं जाने दिया और यूपीएससी में सफलता हासिल कर परिवार के साथ ही सरगुजा का नाम रौशन किया है।

बात दें कि मंगलवार को यूपीएससी द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी गई है। यूपीएससी की परीक्षा में शहर के सीआर हाईट्स निवासी केशव गर्ग ने 496 रैंक हासिल कर परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस सफलता के बाद परिवार में जश्न का माहौल है और परिवार के खुशियों के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे है। दरअसल मूलतः बतौली निवासी केशव गर्ग आ. स्व. विनोद गर्ग ने 10 वीं कक्षा तक की पढाई डीपीएस स्कूल अंबिकापुर से की और इसके बाद कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई उन्होंने केपीएस भिलाई से पढाई की। केशव 12वीं पास करने के बाद बी टेक कम्प्यूटर साइंस की पढाई करने के लिए भोपाल चले गये और वर्ष 2017-21 तक एलएनसीटी भोपाल से तीन वर्षों तक बीटेक की पढाई की। बी टेक की पढाई के दौरान अंतिम वर्ष में परीक्षा के दो सप्ताह पहले ही पिता विनोद गर्ग का निधन हो गया लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और बीटेक की परीक्षा सफलतापूर्वक हासिल की। बड़ी बात यह है कि केशव के भाई चंद्रकांत गर्ग भी पढ़ाई में काफी अच्छे है लेकिन पिता के निधन उपरान्त परिवार की पूरी जिम्मेदारी बड़े भाई पर आ गई और उन्होंने अपनी पढाई का त्याग करते हुए अपने छोटे भाई केशव गर्ग की पढाई को सपोर्ट किया और यही वजह है कि केशव ने भी लक्ष्य निर्धारित कर यूपीएससी में सफलता हासिल की।

### खास बात

- जेएनयू की छात्रा शचि ने भी पाई सफलता

### टाइम टेबल बनाकर की पढाई

यूपीएससी में 496वां रैंक हासिल करने वाले केशव गर्ग ने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि तीन सालों की कड़ी मेहनत में उन्होंने यह सफलता पाई है। दो सालों तक घर में रहकर ही यूपीएससी की पढ़ाई की और परीक्षा दी। एक साल पहले वे यूपीएससी की तैयारी करने के लिए दिल्ली गए थे और बिना किसी कोचिंग के लाइब्रेरी में पढाई कर उन्होंने यह सफलता पाई है। केशव ने बताया कि वे टाइम टेबल बनाकर पढाई कर रहे थे और उस टाइम टेबल को पूरा करने में 10 से 12 घंटे का समय प्रतिदिन लगता था। इस सफलता से वे उत्साहित है जबकि उनके परिवार में भी खुशी का माहौल है। मंगलवार की सुबह जब केशव ने दिल्ली से फोन कर अपने भाई चंद्रकांत गर्ग और और मां कुसुम गर्ग को यूपीएससी में चयनित होने की जानकारी दी तो उन्हें खुशी के आंसू छलक पड़े। परिवार ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई जबकि परिवार को बधाई देने लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी था।

### शचि ने हासिल किया 654 वां रैंक

यूपीएससी में सरगुजा की शहर के बौरीपारा निवासी शचि जायसवाल ने भी सफलता हासिल की है। सिविल सेवा परीक्षा में शचि जायसवाल ने 654वां रैंक हासिल किया है। शचि ने यह सफलता अपने दूसरे प्रयास में हासिल की है। बचपन से पढ़ाई में होनहार शचि ने कक्षा 1 से 8वीं तक केन्द्रीय विद्यालय अंबिकापुर से पढ़ाई की जबकि कक्षा 9वीं से 12वीं तक होली क्रोस कॉन्वेंट स्कूल से पढ़ाई की। उन्होंने अपना ग्रेजुएन्शन दौलत राम कॉलेज दिल्ली से करने के साथ ही पोस्ट ग्रेजुएशन जवाहर लाल नेहरु यूनिवर्सिटी ने पूरा किया और जेनयू से ही पीएचडी कर रही है। शचि के पिता मोहन जायसवाल कारोबारी है जबकि मां अमिता जायसवाल गृहणी है। वर्तमान में शचि जायसवाल भी दिल्ली में है और परिणाम की घोषणा के बाद परिवार के सदस्यों सहित नगरवासियों में हर्ष का माहौल है।



# सेवा पथ पर महिलाएं ही ज्यादा लगन से करती हैं काम



**मनेन्द्रगढ़।** दि एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया, डिस्ट्रिक्ट 323-जी-3 अपराजिता की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस सत्र 2024- 25 स्पंदन का आयोजन मनेन्द्रगढ़ में तीन सत्रों में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लायंस पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राजकुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रंजना क्षेत्रपाल तथा लायन मनोज गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट वी अनिता फरमानिया ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी मनीषा सोनी, चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट वी अनिता अग्रवाल, संरक्षिका द्वय वी लता आर्या, वी रीता गुप्ता एवं चीफ एडवाइजर वी अंशु गोयल उपस्थित रही। ध्वज वंदना एरिया ऑफिसर वी ऊषा जैन ने की। अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। स्वागत भाषण एवं अध्यक्षीय उद्बोधन डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट वी अनिता फरमानिया ने दिया। उन्होंने पूरी डिस्ट्रिक्ट में वर्षभर हुए प्रमुख कार्यों का संक्षिप्त विवरण देते हुए सभी साथियों के प्रति वर्षभर साथ देने के लिए आभार व्यक्त किया। विशेष अतिथि लायन रंजना क्षेत्रपाल ने कहा कि सेवा के पथ पर महिलाएं ही ज्यादा लगन और परिश्रम से कार्य करते हुए अपना शत-प्रतिशत देती हैं। सेवा का भाव एक स्त्री में जन्मजात होता है। चीफ एडवाइजर वी अंशु गोयल ने डिस्ट्रिक्ट की टीम को वर्षभर अच्छे कार्य करने के लिए एवं मल्टीपल में सबसे ऊंचा स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में द्वितीय सत्र अलंकरण समारोह में सभी क्लबों के अध्यक्षों ने अपनी टीम के साथ गरिमा पूर्ण तरीके से बैनर प्रजेंटेशन किया। तत्पश्चात डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट वी अनिता फरमानिया ने डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लबों एवं सदस्यों को उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए अवॉड्र्स देकर सम्मानित किया। द्वितीय सत्र में ही चार्टर डि. प्रेसीडेंट वी अनिता अग्रवाल ने अगले सत्र के लिए डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट के रूप में वी मनीषा सोनी और वाइस प्रेसीडेंट के रूप में वी ज्योति प्रधान के नाम की घोषणा की।

न्यायालय:- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, छ.ग.
//ज्ञापन//
प्रोसेस क्रमांक - 99/2025
आदेश दिनांक - 25/03/2025
पेशी दिनांक - 09/05/2025
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक/
रजिस्ट्रेशन क्रमांक 59/2025

1. श्रीमती शांति बाई बेवा स्व. मंगलसाय आयु- 52 वर्ष 2. फुलमत आ. स्व. मंगलसाय आयु 38 वर्ष 3. जगेश्वर सिंह आ. स्व. मंगलसाय आयु 27 वर्ष सभी जाति गोंड सभी का व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम-चोपन थाना व तह. बैकुन्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग. ...वादीगण
प्रति, 1. जिला रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु एवं जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी जिला-कोरिया छ.ग. 2. छ.ग. शासन द्वारा कलेक्टर कोरिया बैकुन्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग. 3. सर्वसाधारण (आम जनता) ..प्रतिवादीगण

बनाम :-

वादीगण ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध आवेदन पत्र अन्तर्गत दावा वास्ते घोषणार्थ प्रस्तुत किया है। सर्वसाधारण/आम जनता को इस ईश्तहार प्रकाशन के जरिये सूचित किया जाता है कि यदि किसी को वादी के प्रस्तुत आवेदन पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ पेशी तिथि दिनांक 09.05.2025 को न्यायालय में दिन के ठीक 11:00 बजे उपस्थित हों।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते है कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 21/04/25 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

(साक्षी दीक्षित)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

# कोयला चोरी करने खोदे गए सुरंगनुमा गड्ढे को खदान प्रबंधन ने पुनः कराया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला चोरी करने खोदे गए सुरंगनुमा गड्ढे को एसईसीएल प्रबंधन द्वारा पुनः बंद कराकर उसमें मिट्टी भरवा पाट दिया गया है। गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के बंद पड़े खदान की क्वारी नंबर 1 में कोयला चोरों द्वारा पुनः सप्ताह भर पूर्व सुरंग बनाकर कोयला चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था।

गौरतलब है कि अपनी जान जोखिम में डालकर कोयला चोरी करने के दौरान गत वर्ष 26 फरवरी 2024 को ग्राम तेलईकछार केनापारा निवासी सुनील सोनी पिता रामगोविन्द सोनी की अचानक चट्टान धंसने से सुरंग के अंदर ही दबकर मौत हो गई थी जिसके बाद काफी मशक्कत करने उपरान्त दबे हुए शव को बरामद किया जा सका था। बावजूद इसके कोयला चोरी करने वाले लोगों द्वारा उक्त स्थल से हटकर अब क्वारी नंबर 2 व 10 के समीप दूसरी सुरंगनुमा गड्ढा तैयार करके कोयला चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। साथ ही क्वारी नंबर एक में भी पुनः सुरंग तैयार करके कोयला चोरी करने की सूचना मिलने पर मंगलवार 22 अप्रैल को पुनः एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सुरंगनुमा गड्ढे के मुहाड़ा को जेसीबी मशीन से मिट्टी का भराव करा पाट दिया गया है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष अप्रैल व सितंबर महीने में भी एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उक्त दोनों सुरंग को जेसीबी मंगाकर उसे बंद करा दिया गया था।



# नवापारा यूसीएचसी में पहली बार मूत्राशय में सीधे कीमोथैरेपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के नवापारा स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित कीमोथैरेपी सेंटर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। यूसीएचसी में अब मूत्राशय से सीधे कीमोथैरेपी प्रदान करने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। मूत्राशय में सीधे कीमोथैरेपी ( इंट्रावेसिकल कीमोथेरेपी) की चिकित्सा पद्धति अब तक केवल बड़े कैंसर हॉस्पिटल तक ही सीमित थी, लेकिन अब यह सुविधा नवापारा के स्थानीय नागरिकों को भी उपलब्ध हो गई है। बता दें कि नवापारा स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से कीमोथैरेपी सेंटर स्थापित है जहां कैंसर के मरीजों को कीमोथैरेपी दी जाती है लेकिन संभाग में अब तक इंट्रावेसिकल कीमोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में मूत्राशय से कीमोथेरेपी के लिए रायपुर सहित अन्य बड़े शहरों में जाना पड़ता था जिससे समय, धन के साथ ही शारीरिक रूप से मरीज को नुकसान होता था अब इस सुविधा को नवापारा में स्थापित कर दिया गया है। इंट्रावेसिकल कीमोथैरेपी में कीमोथैरेपी की दवाओं को सीधे मूत्राशय में डाला जाता है, जिससे दवाएं कैंसर की कोशिकाओं पर सीधे असर डालती हैं और शरीर के अन्य हिस्सों पर दुष्प्रभाव नहीं पड़ते। यह विधि विशेष रूप से उन मरीजों के लिए कारगर है जिनका कैंसर मूत्राशय की भीतरी सतह तक सीमित होता है। पारंपरिक कीमोथैरेपी में दवाएं नसों के माध्यम से शरीर में पहुंचाई जाती हैं।



## शहर के विकास को लेकर भाजपा पार्षदों की बैठक



**अम्बिकापुर।** गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी के आतिथ्य में मंगलवार को भाजपा पार्षदों एवं एमआईसी सदस्यों की बैठक हुई। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पार्षद मनीष सिंह एवं पूर्व पार्षद मधुसूदन शुक्ला उपस्थित थे। बैठक में पार्षदों ने नगर की विभिन्न समस्याओं, समाधान एवं सुव्यवस्थित विकास के सुझाव दिए। बैठक में अनुराग सिंहदेव ने कहा कि सुव्यवस्थित नगर विकास के लिए समन्वय, योजना और दूरदृष्टि आवश्यक है। भाजपा इस दिशा में पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। अखिलेश सोनी ने कहा कि नगर का समग्र विकास तभी संभव है जब हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो। यही भाजपा की प्राथमिकता है।

